हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 287 देहरादून, मंगलवार, 09 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



नैनीताल को महाराज ने दिया 24 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का तोहफा 3

# विद्यालय स्तर पर मिलेगा छात्र-छात्राओं को स्थायी निवास, जाति प्रमाण पत्र : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 9 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि राज्य के समस्त विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत स्थायी निवास जाति एवं आय तथा अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र विद्यालय में ही उपलब्ध कराये जाएं। इस संबंध में सचिव शैलेश बगोली ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा हैं कि छात्रों को आवश्यक प्रमाण-पत्र की आवश्यकता एवं इन प्रमाण-पत्रों को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के दृष्टिगत राज्य के समस्त विद्यालयों में अपणों स्कूल, अपणू प्रमाण नामक पहल के तहत कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्थायी निवास, जाति एवं आय तथा अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र विद्यालय स्तर पर ही उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आदेश जारी किये हैं कि जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य शिक्षा अधिकारी को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन किया जाय। समिति द्वारा जनपद स्तर पर कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या का आकलन किया जायेगा।





तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से विद्यालय में भ्रमण करने वाली टीमों (पटवारी / लेखपाल / कानूनगो एवं सीएससी के डाटा एण्ट्री ऑपरेटर) का तिथिवार रोस्टर तैयार करवाया जायेगा। निवास स्थान, चरित्र, आय एवं पर्वतीय प्रमाण-पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की प्रक्रिया हेतु टाईम फ्रेम का निर्धारण करते हुए कार्ययोजना तैयार की जायेगी। जनपद स्तर पर उक्त कार्यक्रम का साप्ताहिक अनुश्रवण एवं निगरानी की जायेगी।

तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए समिति का गठन किया जाय। समिति द्वारा तैयार रोस्टर की सूचना से सम्बन्धित विद्यालयों को अवगत कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। प्रमाण-पत्रों हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूचना प्रधानाचार्यो, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी जायेगी। तहसील स्तर पर इस कार्यक्रम का दैनिक अनुश्रवण एवं निगरानी की जायेगी।

कार्यवाही के पश्चात तहसीलदार स्तर से दैनिक निगरानी के अंतर्गत तिथिवार रोस्टर के अनुसार पटवारी / लेखपाल / कानूनगो एवं सीएससी के डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की टीम द्वारा सम्बन्धित विद्यालय का भ्रमण किया जायेगा तथा प्रधानाचार्य से प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए प्रमाण-पत्र हेतु आवश्यक शुल्क / दस्तावेज, ऑनलाईन / ऑफलाईन माध्यम से तहसीलदार / उपजिलाधिकारी कार्यालयों को प्रेषित किये जायेंगे।आवश्यक शुल्क / दस्तावेज प्राप्त होने के उपरान्त तहसीलदार/ उपजिलाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र निर्गत करते हुए उक्त प्रमाण-पत्र, छात्र-छात्राओं को वितरित किये जाने हेतु एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य को उपलब्ध करा दिया जायेगा। जिला स्तरीय समिति द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सम्पूर्ण कार्यवाही की प्रभावी मॉनिटरिंग की जायेगी एवं किसी प्रकार की समस्या / कठिनाई उत्पन्न होने पर समिति के स्तर से सम्बन्धित को तात्कालिकता के आधार पर यथावश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये जायेंगे।यह समस्त कार्यवाही अधिकतम दो माह के भीतर सम्पादित कराते हुए, प्रत्येक जनपद की साप्ताहिक सूचना, जिलाधिकारी द्वारा शासन को सलग्न प्रारूपानुसार अनिवार्य रूप से संप्रेषित कराया जाना सुनिश्चित करें।

## उत्तराखंड के 5 जिलों में आज मूसलाधार बारिश, का अलर्ट जारी ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पिथौरागढ़ 9 मई : उत्तराखंड में खराब मौसम के चलते चारधाम यात्रा बार-बार प्रभावित हो रही है। श्रद्धालु रास्ते में फंसे हैं। अगले कुछ दिनों के लिए चारधाम यात्रा के पंजीकरण पर भी रोक लगा दी गई है। श्रद्धालु ही नहीं स्थानीय लोग भी बारिश-बर्फबारी के चलते परेशान हैं। हर कोई मौसम साफ होने का इंतजार कर रहा है, लेकिन फिलहाल ऐसा होता नहीं दिख रहा। 9 मई तक प्रदेश में बारिश की संभावना बनी हुई है। खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश से मुश्किलें बढ़ेंगी। मैदानी इलाकों में भी बारिश हो सकती है। बाकी दिन मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार नौ मई तक उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रह सकता है।



## केदारनाथ में अगले कुछ दिन मौसम रहेगा खराब



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 9 अप्रैल : केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए पंजीकरण पर अब 15 मई तक रोक रहेगी। संयुक्त निदेशक पर्यटन योगेंद्र गंगवार ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। 15 तक नए पंजीकरण पर रोक रहेगी लेकिन जो यात्री पहले पंजीकरण कर चुके हैं वे यात्रा कर सकेंगे। बता दें कि 13 मई तक केदारनाथ के लिए 1.45 लाख यात्री पंजीकरण करा चुके है। चारधाम यात्रा में अब तक दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा पांच लाख पार हो गया है। केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 1.75 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। पर्यटन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 22 अप्रैल से 7 मई तक केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में 505286 लाख से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए हैं। इसमें केदारनाथ धाम में 1.75 लाख, बदरीनाथ में 1,18,116, गंगोत्री में 1.13 लाख, यमुनोत्री मंदिर में एक लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

# तीनों सेना के जवानों के सैल्यूट अलग अलग क्यों होते हैं ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 मई , भारतीयों सेनाओं (भारतीय सेना नौसेना और वायुसेना) ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हिंदुस्तान का सिर हमेशा फख्र से ऊंचा किया। ऐसे में आज हम आप लोगों को विभिन्न जवानों द्वारा दी जाने वाली सलामी के बुनियादी अंतर को समझाएंगे। आजादी के 76 सालों में हिंदुस्तान ने बहुत कुछ देखा और जिया है, लेकिन हर एक बार भारतीयों सेनाओं (भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना) ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हिंदुस्तान का सिर फक्र से ऊंचा किया। इस दौरान जवानों ने अपने प्राणों की आहूति भी दी। ऐसे में आज हम इन जवानों को सलाम करते हुए तीनों सेनाओं के सैल्यूट पैटर्न पर बात करेंगे।

आप लोगों अक्सर यह देखा होगा कि थल, जल और वायु सेनाओं के जवानों के सैल्यूट पैटर्न में अंतर होता है, लेकिन इसके बारे में आप लोगों को विस्तृत जानकारी नहीं होती है। खैर हम आपको इसके बारे में समझाएंगे, क्योंकि हर जवानों के सैल्यूट का अपना विशिष्ट तरीका होता है और यह उनकी एकता, अनुशासन और देशभक्ति का









पर्याय है। साथ ही इसे आप सैन्य परंपरा का अनिवार्य पहलू भी मान सकते हैं।

**भारतीय सेना**

सैल्यूट या सलामी सिर्फ सम्मान की बात नहीं है, बल्कि यह जवानों के बीच में अनुशासन और विश्वास का प्रतीक है। थल सेना के जवान खुली हथेली को माथे पर लगाकर सैल्यूट करते हैं। यह परंपरा ब्रिटिश सेना के जमाने से चली आ रही है। हालांकि, भारतीय सैन्य परंपरा के मुताबिक इसमें संशोधन किया गया था। जवान जिस हाथ से हथियार पकड़ते हैं, उसी हाथ से सैल्यूट करते हैं। इसे विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान सारी उंगलियां खुली हुई होती है। इस सैल्यूट का मतलब है- 'सैनिक खाली हाथ' है।

**भारतीय नौसेना**

भारतीय वायु सेना के पास सलामी देने का एक अनूठा तरीका है जिसमें हथेली ऊपर की ओर 45 डिग्री के एंगल में होती है। वायु सैनिक दाहिने हाथ को ऊपर की ओर हथेली और उंगलियों के साथ फैलाता है। इस सैल्यूट के जरिए वायु सैनिक 'आसमान की ओर प्रगति' को दर्शाते हैं। मार्च 2006 के बाद वायु सेना ने सैल्यूट का यह तरीका अपनाया था।

**भारतीय तटरक्षक**

भारतीय तट रक्षक बल भी नौसेना की तरह ही सलामी देते हैं। गार्ड दाहिने हाथ को नीचे की ओर हथेली और उंगलियों को एक साथ फैलाते हैं। इसके बाद हाथ को माथे के स्तर तक 90 डिग्री के एंगल पर लाया जाता है। इसे हथेली से नीचे की ओर सलामी के रूप में जाना जाता है।

# ज्ञान वायरस : कहानी परमवीर चक्र की, किसे और क्यों दिया जाता है ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 मई , सैन्य कर्मियों को उनकी असाधारण बहादुरी के लिए वीरता पुरस्कार दिए जाते हैं। दुश्मनों के सामने जवानों के आदम्य साहस के लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। परमवीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य वीरता सम्मान है, जो सैन्य सेवा तथा उससे जुड़े लोगों को दिया जाता है। लेकिन क्या आप इससे जुड़े हुए इतिहास को जानते हैं? कब हुई थी इसकी शुरुआत और यह सबसे पहले किसे दिया गया था।

**परमवीर चक्र की कब हुई थी शुरुआत**

सैन्य कर्मियों को उनके साहस, बलिदान और दुश्मनों को मिट्टी में मिला देने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। परमवीर चक्र सैन्य सेवाओं में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। इसकी शुरुआत 26 जनवरी 1950 में हुई थी। यह पदक मरणोपरांत भी दिया जाता है। इस पुरस्कार को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न के बाद सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समझा जाता है। परमवीर चक्र को विदेशी महिला 'सावित्री खालोनकर उर्फ सावित्री बाई' ने डिजाइन किया था।




आपको जानकर हैरानी होगी कि परमवीर चक्र को अमेरिका के सम्मान पदक तथा यूनाइटेड किंगडम के विक्टोरिया क्रॉस के बराबर का दर्जा हासिल है।

**कैसा होता है परमवीर चक्र?**

परमवीर चक्र सेना में मिलने वाला सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है। यह सम्मान सेना के उन जाबांजों को दिया जाता है, जिन्होंने दुश्मन की उपस्थिति में बहादुरी, वीरता, आत्म-बलिदान के साहसी कार्य किया हो। यह चक्र वॉर टाइम में साहसी प्रदर्शन करने के लिए दिया जाता है. मेडल- गोलाकार, कांस्य निर्मित, 1.38 इंच का व्यास और ऊपर केंद्र में उभरी हुए राज्य के प्रतीक के साथ 'इन्द्र के वज्र' की चार प्रतिकृतियां होती हैं। वहीं पिछले भाग पर हिंदी और अंग्रेजी के बीच में दो कमल के फूलों के साथ हिंदी और अंग्रेजी दोनों में परम वीर चक्र उभरा हुआ होता है।



**क्यों दिया जाता है परमवीर चक्र?**

भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों ने आजादी के 75 सालों में हर बार हिंदुस्तान का सिर फख्र से ऊंचा किया है। बहादुर जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना हमेशा दुश्मनों को पराजित किया है। देश की थल सेना, वायु सेना और नौसेना के शूरवीरों ने जब-जब दुश्मनों को मात दी है तब-तब उनके आत्म-त्याग शौर्य, बलिदान के लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है। देश के राष्ट्रपति के हाथों से बहादुर जवानों को परमवीर चक्र से सम्मानित किया जाता है।

# कहीं आपको भी नहीं है फूड एलर्जी, ऐसे लगा सकते हैं पता ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 9 मई : आपने कई बार देखा होगा कि कई लोगों को खाने की हर चीज सूट नहीं करती। या फिर आपने खुद भी एक्पीरियंस किया होगा कि कुछ फूड्स खाते ही दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। जैसे कई लोगों को मछली या इसी तरह का सीफूड पचता नहीं है, तो किसी के दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स के सेवन से एक्ने की समस्या शुरू हो जाती है।

हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर फूड एलर्जी क्यों होती है ?गुरुग्राम के सीके बिरला हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट, डॉ. ने बताया कि फूड एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रिया होती है, जो किसी खास फूड आइटम को खाने के बाद पैदा होती हैं। एलर्जी पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों का मामूली मात्रा में सेवन करने से भी तत्काल तरह-तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फूड एलर्जी के लक्षण आमतौर पर बच्चों और शिशुओं में ज्यादा होते हैं, लेकिन ये किसी भी उम्र में देखे जा सकते हैं। कई बार आपको ऐसे खाद्य पदार्थों से भी एलर्जी हो सकती है, जिन्हें आप बिना किसी दिक्कत के कई सालों से खाते आ रहे हों। फूड एलर्जी के लक्षण हल्के-फुल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं।फूड एलर्जी के सबसे सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:मुंह में झनझनाहट या खुजली होनापित्ती उछलना-खुजलाहटहोंठों पर, चेहरे, जीभ और गले या शरीर के अन्य भागों में सूजनपेट में दर्द, डायरिया, मितली या उल्टी



# नैनीताल को महाराज ने दिया 24 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का तोहफा

## यात्री मौसम की जानकारी हासिल कर करें चारधाम यात्रा : सतपाल महाराज





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी , 9 मई , प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, मंत्री सतपाल महाराज ने एक कार्यक्रम के दौरान 24 करोड़ 78 लाख 62 हजार की 20 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। प्रदेश के कद्दावर मंत्री सतपाल महाराज ने एक कार्यक्रम के दौरान 24 करोड़ 78 लाख 62 हजार की 20 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुये कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने पर क्षेत्र का सर्वागींण विकास होगा।

महाराज ने 16 करोड 69 लाख 17 हजार की धनराशि की 10 योजनाओं का लोकार्पण एवं 7 करोड, 90 लाख, 12 हजार की धनराशि की 6 योजनाओं का किया शिलान्यास किया। इसके अन्तर्गत 2 करोड 37 लाख 81 हजार की लागत से रामगढ के अन्तर्गत खुटानी-भवाली-धानाचुली-ओखलकांडा-खनस्यू-पतलोट मोटर मार्ग से मल्ला सूपी रूसानी दीगड कपूवा लोधिया तक मोटर मार्ग का लोकार्पण, 2 करोड 83 लाख 93 हजार की लागत से छीडाखान से हाईस्कूल तल्ली पोखरी तक मार्ग निर्माण, 7 करोड 50 लाख की लागत से पर्यटन आवास गृह सूखाताल, तल्लीताल, नौकुचियाताल एवं मुक्तेश्वर का उच्चीकरण, 81 लाख 88 हजार की लागत से पर्यटन आवास गृह काठगोदाम का नवीनीकरण, 1 करोड 65 लाख 75 हजार की लागत से विकास खण्ड बेतालघाट के ग्राम तोराड में लिफ्ट सिचाई योजना, 12 लाख की लागत से ब्लाक रामनगर में हिम्मतपुर पंचायत भवन का निर्माण,12 लाख की लागत से रामनगर में गांधीनगर पंचायत भवन का निर्माण, 20 लाख की लागत से हल्द्वानी के पंचायत भवन का निर्माण, लघु सिचाई विभाग की 50 लाख 75 हजार की लागत से 6 सोलर लिफ्ट तथा 74 लाख 38 हजार की लागत से 23 रिचार्ज साफ्टों के निर्माण की योजनाओं का लोकार्पण के अलावा 7 करोड, 90 लाख, 12 हजार की धनराशि से 6 योजनाओं का शिलान्यास भी किया।

जिसमें 68 लाख 2 हजार की धनराशि से हॉलीडे कैम्प ढिकुली का उच्चीकरण, 62 लाख 42 हजार की लागत से भटेलिया में पेट्रोल पम्प का निर्माण, 55 लाख 12 हजार की लागत से गरमपानी में पेट्रोल पम्प निर्माण, 1 करोड 77 लाख 99 हजार की लागत से रीखाकोट के तोक स्याली गौलानदी में 45 मी स्पान पैदल झूला पुल निर्माण, थपलिया मेहरागांव क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग के सुधारीकरण तथा 2 करोड 63 लाख 7 हजार की लागत से रामनगर कोसी बैराज के अपस्ट्रीम में दांए पार्श्व की कोसी नदी के बाढ सुरक्षात्मक कार्य का शिलान्यास करने के अलावा 1 करोड़ 63 लाख 50 हजार की लागत की 4 सड़क योजनाओं के सुधारी करण के कार्यों का भी शिलान्यास किया किया। लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि पंचायती राज विभाग को सशक्त करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को 242 करोड की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा इससे हमारे उत्तराखण्ड की पंचायतें मजूबत होंगी वही हमारा राज्य भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड में चार धाम यात्रा सुगमता के साथ चल रही है, अभी वर्तमान में चारधाम में बर्फवारी हो रही है जैसे ही बर्फवारी कम होगी श्रद्वालुओं को सूचित कर दिया जायेगा। उन्होंने यात्रियों से कहा कि वह मौसम विभाग की जानकारी के तहत ही अपनी यात्रा प्रारम्भ करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण होने से जनपद के विकास को एक गति प्रदान होगी। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व मंत्री बंशीधर भगत, विधायक सरिता आर्या, रामसिंह कैडा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, रंजन बर्गली, प्रताप बोरा, नीतिन राणा, हरीश आर्य, भावना साह, कार्तिक हर्बोला, मोहन पाठक के साथ ही जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भटट, मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी, प्रबन्ध निदेशक केएमवीएम विनीत तोमर, महाप्रबन्धक एपी बाजपेयी, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई केएस बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी रश्मि पंत, प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कैंपा के अन्तर्गत शोध कार्यों पर विशेष ध्यान दिए जाएं : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 9 मई, मुख्य सचिव डॉ.एस.एस. संधु ने उत्तराखण्ड कैंपा की संचालन समिति की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को उत्तराखण्ड कैंपा के अन्तर्गत शोध कार्यों पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा प्रदेश से सम्बन्धित विषयों और मुद्दों पर शोध किए जाने की आवश्यकता है जिससे प्रदेश और प्रदेशवासियों को लाभ मिल सके।मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के लिए वनाग्नि एक बहुत बड़ी चुनौति है।

उन्होंने कहा कि वनाग्नि को किस प्रकार से काबू किया जा सकता है, इस पर शोध किया जाए। इसी प्रकार फसलों को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए शोध किए जा सकते हैं। जंगली सुअर, हाथी और बंदरों से होने वालें नुकसान को रोकने के लिए किस प्रकार से बायो फेंसिंग कारगर साबित हो सकती है, इन विषयों पर शोध हमारी उच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को बायोफेंसिंग सेल गठित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारी को इसका दायित्व दिया जाए।मुख्य सचिव ने कार्यक्रम संचालन की वार्षिक योजना (एपीओ) को दिसंबर माह तक केंद्र सरकार को भिजवा दिए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार किया जाए। समस्त कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कर लिया जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि कार्यक्रम संचालन की वार्षिक योजना (एपीओ) के लिए 411.88 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। बैठक में उत्तराखण्ड कैंपा की संचालन समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, पीसीसीएफ (हॉफ) अनूप मलिक, सचिव डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# लघु व्यापारियों ने की वेंडिंग जोन के लाभार्थियों की सूची प्रकाशित करने की मांग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक में लघु व्यापारियों ने भगत सिंह चौक से सेक्टर दो बैरियर तक के वेंडिंग जोन के लाभार्थियों की सूची प्रकाशित करने की मांग की। साथ ही ज्वालापुर पुल जटवाड़ा में विकसित वेंडिंग जोन के लाभार्थियों के साथ अनुबंध करने और उत्तरी हरिद्वार भारत माता मंदिर रोड, पवन धाम, सर्वानंद घाट, पंतद्वीप पार्किंग, प्राचीन काली मंदिर पर विकसित किए जाने वाले वेंडिंग जोन की टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई।

मांगों को लेकर ई मेल के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को संयुक्त रूप से मांग पत्र भेजा गया। सोमवार को न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन चंडी घाट के प्रांगण में आयोजित बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि 26 अप्रैल को रोड़ीबेलवाला पिंक वेंडिंग जोन में प्रशिक्षु आईएएस के निरीक्षण के दौरान कुछ शरारती तत्वों के विरोध प्रदर्शन करने के बाद विकसित हो रहे वेंडिंग जोन का कार्य स्थगित किया गया है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के तहत उत्तराखंड राज्य में कोटद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर आदि क्षेत्रों में लघु व्यापारियों को सर्वे के आधार पर वेंडिंग जोन के रूप में स्थापित किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है। जिन संगठनों के प्रतिनिधियों ने लघु व्यापारियों की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में दिलीप गुप्ता, विजय कुमार, लाल चंद गुप्ता, जय भगवान, रणवीर सिंह, तस्लीम अहमद, आजम अंसारी, यामीन अंसारी, प्रभात चौधरी, बिरेंद्र कुमार, सचिन राजपूत, ओमप्रकाश भाटिया, अनूप सिंह पवन कुमार, मनोज कुमार, विकास सक्सेना, प्रदुमन सिंह, कुंदन कश्यप, सुशांत बंगाली, शुभम सैनी, मनीष शर्मा, चंदन सिंह रावत, जय सिंह बिष्ट, पंडित कमल शर्मा, नंदकिशोर नंदू, नम्रता सरकार, पूनम माकन, पार्वती देवी, कामिनी मिश्रा, पुष्पा दास, सुनीता चौहान, मंजू पाल, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

# अजब गजब : ये वाट्सअप ग्रुप कराता है स्पेशल शादिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 मई , आज हम एक ऐसी खबर बता रहे हैं जो आपको हैरान भी करेगी और सुकून भी देगी। ये कहानी है प्रचिता धीसे के साहस और सोच की जिन्होंने कोरोना के दूसरी लहर के दौरान अपने पति को खो दिया था. पति को खोने के बाद प्रचिता ने शायद ही सोचा होगा कि उसे एक बार फिर कोई ऐसा मिलेगा जो न सिर्फ उसके साथ अपनी पूरी जिंदगी बिताना चाहे बल्कि उसके बच्चे को भी अपना मानेगा. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह व्हाट्सएप ग्रुप एक एनजीओ, 'कोरोना एकल महिला पुनर्वसन समिति' द्वारा बनाया गया था. इस ग्रुप में खास तौर पर वो महिलाएं हैं जिन्होंने कोरोना की दूसरी लहर के दौरान अपने पति को खो दिया था. शुरुआत में ये ग्रुप महिलाओं की मदद के लिए खोला गया था बाद में इसमें पुरुष भी जुड़ने लगे. वर्तमान में इस व्हाट्सअप ग्रुप में विधुर, तलाकशुदा और कुंवारे सहित लगभग 150 से ज्यादा पुरुष शामिल हैं. महाराष्ट्र के अकोला जिले में रहने वाली प्रचिता ने साल 2022 के अक्टूबर महीने में सचिन धीसे से शादी की थी. इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए प्रचिता अपनी पुरानी जिंदगी के बारे में याद करते हुए कहती है, "मेरे पति की साल 2021 में कोरोना की दूसरी लहर में मौत हो गई थी.जिसके बाद, मेरी सास ने मुझे उस सदमे से बाहर निकलने के लिए दोबारा शादी करने को कहा. उस वक्त मैं सिर्फ 35 साल की थी. मेरी सास ने ही मेरी शादी का सारा इंतजाम किया था लेकिन शादी में शामिल होने से इनकार कर दिया. प्रचिता कहती है कि उनकी सास ने कहा था कि वह मुझे अपने बेटे के अलावा किसी और से शादी करते हुए नहीं देख सकतीं.



**कैसे जुड़ते हैं ग्रुप में लोग**

कुटे ने रिपोर्ट में कहा, 'दुर्भाग्यवश हमारे समाज में महिलाओं का पुनर्विवाह करना बहुत सामान्य नहीं है. कई परिवार ऐसा करने की सहमति नहीं देते हैं. हम इस व्हाट्सअप ग्रुप के जरिए केवल ऐसे लोगों को एक दूसरे से जुड़ने का मौका देते हैं. आगे क्या करना है इसका फैसले उन्हें ही लेना होता है. हमारे इस ग्रुप में वर्तमान लगभग 50 महिलाएं हैं. ये महिलाएं भी ग्रुप में जुड़े पुरुषों से बात करने में कतराती हैं. उन्हें कोई फैसला या किसी के जाल में फंसने का डर होता है.

**व्हाटसअप ग्रुप में जुड़ने के नियम क्या हैं**

इस व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ने के पहले कदम के रूप में, पुरुषों और महिलाओं को ऑनलाइन प्रश्नावली भरनी होती है, जिसमें उम्र, आय, संतान की जानकारी, पेशे और वर्तमान वैवाहिक स्थिति जैसे सवालों के जवाब देने होते हैं. उसके बाद इन प्रश्नावली की समीक्षा की जाती है और एनजीओ के कर्मचारी सत्यता की पुष्टि के लिए आवेदकों को बुलाते हैं, उनमें से अधिकांश की उम्र 25 से 40 साल के बीच होती है. अगर वे इस जांच में पास हो जाते हैं तो उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया जाता है. ग्रुप में जुड़ने के बाद उनका विवरण एक रिज्यूमे और एक पूरी लंबाई वाली तस्वीर के साथ साझा किया जाता है.


# देहरादून की सड़कों पर अगर की रैश या स्टंट बाज़ी तो चालान नही सीधे FIR ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 9 मई :राजधानी देहरादून की सड़कों पर स्टंट बाज़ी ,आड़ी तिरछी रैश ड्राइविंग व साइलेंसर की तेज गड़गड़ाहट से शांति में हनन पैदा करने वालो के खिलाफ यातायात पुलिस ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का ऐलान कर दिया है। राजधानी देहरादून की सम्पूर्ण परिधि में 100 से अधिक की तेज़ रफ़्तार में वाहन दौड़ाने वाले बाइकर्स के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा अब चालानी कार्यवाही करने सहित आम जनता की जिंदगी जोखिम में डालने के चलते एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसमे वह यूटूबर्स व बाइकर्स भी शामिल होंगे जो यूट्यूब पर फैन फॉलोइंग बढ़ाने के नाम पर राजधानी के अलग अलग कॉलेज, स्कूलों के बाहर जाकर तेज़ रफ़्तार में बाइक भगाकर, स्टंट करके व मॉडिफाइड बाइक की साइलेंसर की आवाज़ निकालकर वीडियो के लिए लड़कियों की प्रतिक्रिया दर्ज करते है। ऐसे यूटूबर्स व बाइकर्स के खिलाफ पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा महिलाओं की इज्जत का हनन करने के लिए आईपीसी 509 में कार्यवाही करने के आदेश जारी कर दिए है। साथ ही संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट भी बंद कर दिए जाएंगे।

# मोदी सरकार का तोहफा - एक पोर्टल पर मिलेंगी 13 हज़ार सेवाएं




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 मई , केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नागरिकों की सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय सरकारी सेवा पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल पर अलग-अलग मंत्रालयों और राज्यों की अलग-अलग 15 कैटेगरी की 13 हजार से भी ज्यादा सेवाएं उपलब्ध हैं। नागरिक इस पोर्टल का लाभ उठा सकते हैं।भारत सरकार ने नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए एक ऐसा पोर्टल लॉन्च किया है, जहां आप 13 हजार से भी ज्यादा सर्विसेज का लाभ उठा सकते हैं। सरकार द्वारा लॉन्च किए गए इस पोर्टल का नाम राष्ट्रीय सरकारी सेवाएं पोर्टल है। पोर्टल पर 15 अलग-अलग कैटेगरी की सर्विसेज उपलब्ध हैं, जिनमें कुल 13,350 सर्विसेज शामिल हैं।

**राष्ट्रीय सरकारी सेवाएं पोर्टल की 15 कैटेगरी कौन-सी हैं**

शिक्षा और अधिगमस्वास्थ्य और कल्याण-बिजली, पानी और स्थानीय सेवाएंमुद्रा और कररोजगारन्याय, कानून और शिकायतयात्रा और पर्यटनव्यवसाय और स्व रोजगारजन्म, मृत्यु, विवाह और बाल देखरेखपेंशन और लाभपरिवहन और आधारिक संरचनानाग-रिकता, वीजा और पासपोर्टकृषि, ग्रामीण और पर्यावरणविज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी और संचारयुवा, खेल और संस्कृति

**पोर्टल पर किस मंत्रालय की कितनी सेवाएं हैं उपलब्ध**

राष्ट्रीय सरकारी सेवाएं पोर्टल पर वित्त मंत्रालय की 92 सेवाएं, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की 64 सेवाएं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की 39 सेवाएं, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय की 31 सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 23 सेवाएं, संचार मंत्रालय की 21 सेवाएं, रेल मंत्रालय की 19 सेवाएं, शिक्षा मंत्रालय की 17 सेवाएं, गृह मंत्रालय की 16 सेवाएं, विदेश मंत्रालय की 15 सेवाएं, श्रम और रोजगार मंत्रालय की 15 सेवाएं, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की 15 सेवाएं, महिला और बाल विकास मंत्रालय की 15 सेवाएं, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की 12 सेवाएं, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की 9 सेवाएं, नागर विमानन की 8 सेवाएं, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की 8 सेवाएं और राज्यों से 7201 सेवाओं समेत कुल 13,350 सर्विसेज उपलब्ध हैं।

**पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र जैसे हजारों सेवाओं का उठा सकते हैं लाभ**

राष्ट्रीय सरकारी सेवाएं पोर्टल की मदद से आप अपने कई जरूरी काम निपटा सकते हैं। पोर्टल पर पासपोर्ट बनवाने से लेकर जन्म प्रमाण पत्र, जॉब सर्च, पेंशन जैसी कई सेवाओं का एक ही जगह लाभ उठाया जा सकता है और आपको दफ्तरों के चक्कर काटने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

# देहरादून : आंगन में खेल रहे बच्चे को उठा ले गया गुलदार ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 9 मई : उत्तराखंड में गुलदार-बाघ लोगों के लिए काल बने हुए हुए हैं। देहरादून के सहसपुर में गुलदार ने 4 साल के मासूम को अपना निवाला बना लिया घटना के वक्त बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था। तभी गुलदार ने उसे जबड़े में दबोच लिया। बच्चे के परिजन शोर मचाते हुए गुलदार के पीछे भागे, लेकिन वो जंगल में गायब हो गया। सुबह बच्चे की लाश एक बगीचे के पास पड़ी मिली। अचानक हुई इस घटना से पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी दहशत का माहौल है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे। घटना महमूद नगर इलाके की है। यहां 4 साल का अहसान पुत्र जोशीम घर के आंगन में खेल रहा था। परिजन अपने काम में लगे हुए थे। तभी गुलदार ने बच्चे पर हमला कर दिया। वो बच्चे को जबड़े में दबोच कर ले गया। ग्रामीण और परिजनों ने गुलदार का पीछा किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद डीएफओ कालसी, एसडीओ कालसी, रेंजर टिमली, तहसीलदार विका-सनगर और सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने बच्चे को आस-पास बहुत तलाशा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। अंधेरा होने की वजह से सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा। सुबह एक बार फिर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान बच्चे का शव आम के बाग के पास मिला। बच्चे की मौत के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को पंचनामे के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रायवाला पुलिस ने साढ़े आठ लाख रुपए की स्मैक के साथ 2 को पकड़ा ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 9 मई : मुख्यमंत्री धामी का विजन ड्रग फ्री देवभूमि 2025 की परिकल्पना को साकार करने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने हेतु पुलिस-उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये गये हैं, जिसके अनुपालन में उच्चाधिकारियों के निर्देश एवं पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रायवाला द्वारा थाना रायवाला पर पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें नशा तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, गठित पुलिस टीमों द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है ।

पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाहीः- उपरोक्त आदेश/निर्देशों के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांकः 07-05-23 को रायवाला चौक से आगे मुख्य मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास गश्त/चैकिंग 02 व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खडे दिखाई दिये। जो पुलिस टीम को देखकर दूसरी दिशा में मुड़कर जाने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा दोनों युवकों को पकड़ते हुए पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा अपना नाम 01ः पप्पू श्रीवास्तव पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम खिरका थाना फतेहगंज तहसील मीरगंज बरेली उ0प्र0 उम्र-32 वर्ष व 02ः- शाहनवाज सिद्दीकी उर्फ शानु पुत्र आबिद हसन निवासी अंसारी मोहल्ला फतेहगंज थाना फतेहगंज तह0 मीरगंज बरेली उ0प्र0 उम्र-25 वर्ष बताया गया। जिनसे भागने का कारण पूछा गया तो वह घबराते हुए कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाये। जिनकी तलाशी लेने पर दोनो अभियुक्तों के पास से प्लास्टिक की पन्नी में छिपाकर रखी गयी कुल 86 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा उक्त स्मैक को मीरगंज बरेली से लाकर रायवाला में सुनयना मल्होत्रा नाम की महिला को देने के लिये आना बताया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना रायवाला पर मु0अ0सं0ः 87/23 धाराः 08/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्हें समय से मां0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

अभियुक्त पप्पू द्वारा बताया गया कि मैं ग्राम खिरका, थाना फतेहगंज बरेली का रहने वाला हूँ तथा मजदूरी का कार्य करता हूँ। कुछ समय पूर्व मेरी मुलाकात शाहनवाज सिद्दीकी उर्फ शानू जो फतेहगंज में नूरी ज्वैलर्स नाम की दुकान में कार्य करता है से हुई थी। चूंकि बरेली में स्मैक काफी कम दामों में मिल जाती है तथा हमारे आस-पास के कई लोगों द्वारा अन्य राज्यों/जनपदों में उक्त स्मैक की तस्करी कर काफी पैसा कमाया था, इसलिए जल्दी पैसा कमाने के लालच में हमारे द्वारा बरेली में आदेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति से थोडी-थोडी मात्रा में उक्त स्मैक को खरीद कर इकट्ठा किया गया था। जिसे हम दोनो आज यहां सुनैना मल्होत्रा नाम की महिला को बेचने के लिये आये थे। जो हरिद्वार व देहरादून में स्मैक तस्करी का काम करती है, उसने हमें स्मैक डिलीवरी करने के लिये रेलवे स्टेशन रायवाला के पास बुलाया था, पर उक्त स्मैक को उसे देने से पहले ही पुलिस द्वारा हमें गिरफ्तार कर लिया गया।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तः- 1-पप्पू पुत्र रामकुमार नि0 ग्राम खिरका थाना फतेहगंज तह0 मीरगंज बरेली उ0प्र0 उम्र-32 वर्ष 2.शाहनवाज सिद्दीकी उर्फ शानू पुत्र आबिद हसन नि0 अंसारी मोहल्ला फतेहगंज तह0 मीरगंज बरेली उ0प्र0 उम्र-25 वर्ष ।

# बदला मौसम, चार धाम में हुई बर्फबारी, यमुनोत्री में गिरे ओले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उत्तराखंड 9 मई : उत्तराखंड की राजधानी समेत प्रदेशभर में दिन की शुरुआत चटख धूप के साथ हुई। वहीं, दोपहर बाद मौसम बदला और चारों धामों में बर्फबारी शुरू हो गई। वहीं, यमुनोत्री धाम में ओलावृष्टि भी हुई। इसके साथ ही धामों में ठंड बढ़ गई है। वहीं, मौसम विभाग ने पर्वतीय इलाकों में ओलावृष्टि की आशंका जताई है। साथ ही कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ बिजली चमकेगी। मौसम विभाग की ओर से इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी इलाकों में भी कहीं-कहीं बारिश और तेज गर्जना होने की आशंका है। जबकि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गर्जना हो सकती है।



# नेपाल और भारत के संबंध होंगे मजबूत : रविदेव

हरिद्वार। युवा भारत साधु समाज के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि नेपाल के श्रद्धालुओं के हरिद्वार आकर संतों के सानिध्य में उपनयन संस्कार संपन्न कराने से भारत और नेपाल के संबंध और मजबूत होंगे। यह बात कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कही। नेपाल के काठमांडू से आए श्रद्धालुओं ने श्री गरीबदासीय आश्रम में संत समाज के सानिध्य में तीन बालकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया। स्वामी रविदेव शास्त्री ने बालकों के उपनयन संस्कार के बाद उन्हें दीक्षा प्रदान की। आलोक गौतम, सचिन पौड़े व अश्विन शर्मा तीनों बालकों को आशीर्वाद देते हुए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अध्यात्म की नगरी हरिद्वार के गंगा तट पर संतों के सानिध्य में किए जाने वाले धार्मिक संस्कार विशेष फलदाई होते हैं। बाबा हठयोगी, स्वामी ऋषिश्वरानंद और स्वामी प्रबोधानंद ने कहा कि उपनयन संस्कार ईश्वरीय ज्ञान के अधिग्रहण और ब्रह्मचर्य के रूप में एक नए और अनुशासित जीवन की शुरुआत का प्रतीक है। इस मौके पर महामंडलेश्वर श्रीमहंत रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी आदियोगी, महंत कपिल मुनि, स्वामी ऋषिरामकृष्ण, स्वामी शिवानंद भारती, सतपाल ब्रह्मचारी, महंत दामोदर दास, हरिहरानंद, महंत दिनेश दास, स्वामी कृष्णदेव, महंत गोविंददास, स्वामी भगवत स्वरूप, ज्ञानानंद, महंत श्याम प्रकाश आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नीरज चोपड़ा की उपलब्धि पर मनाई खुशी

रुडक़ी। जैवलिन थ्रो के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 88.67 मीटर दूर भाला फेंका। सोलानीपुल के पास रोड़ समाज ने नीरज की उपलब्धि पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। धीर सिंह रोड़ ने कहा कि नीरज चोपड़ा बेहद प्रतिभावान खिलाड़ी है, जो हर स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इससे पहले ओलंपिक में और अब दोहा डायमंड अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। युवाओं को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। सोनी रोड़ ने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में नीरज चोपड़ा का एक कार्यक्रम कराने की बात की जा रही है।

### अतिक्रमण हटा चालान काटा

रुडक़ी। सोमवार शाम कस्बे में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने ब्लॉक, तहसील मार्ग से अतिक्रमण हटाया। एसएसआई सत्येंद्र बुटोला ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले 22 लोगों के 5600 के चालान किए गए हैं। मौके पर नायब तहसीलदार राजेंद्र वर्मा , एसआई ललिता , एसआई ऋषिकांत पटवाल फोर्स के साथ मौजूद रहे।

### बाजार से अस्थायी दुकानें हटवाई

रुडक़ी। नायब तहसीदार ललित मोहन पोखरियाल, दरगाह प्रबंधक रजिया ने सोमवार को दरगाह के बाजारों में घूमकर अतिक्रमण कर लगाई गई अस्थायी दुकानें हटाई। तीन दिन पहले भी अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दुकानें ध्वस्त की गई थीं। बताया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। इस दौरान लेखपाल अनुज यादव, इंतखाब आलम, राव शारिक, अफजाल अहमद आदि मौजूद रहे।

### खेत में काम कर रहे मजदूर पर गुलदार का हमला

रुडक़ी। नगर पंचायत इमलीखेड़ा के माजरी गांव में गन्ने के खेत में काम करते एक मजदूर पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में मजदूर घायल हो गया है, जिसे पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। इमलीखेड़ा के माजरी गांव के जंगल में सोहलपुर निवासी महक सिंह गन्ने के खेत में कुछ मजदूरों के साथ निराई गुड़ाई करने गया था। बताया जा रहा है कि इसी बीच अचानक उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। उसके साथ काम कर रहे मजदूर अपनी जान बचाकर वहां से भागे। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान भी मौके पर पहुंचे और महक को इमलीखेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार के पंजो के निशान की जांच की।

### प्राइमरी स्कूलों में बांटी किताबें

रुडक़ी। बीईओ संजीव जोशी ने प्रेम राजपुर, खानपुर, हबीबपुर निवादा, शाहपुर, दौड़बसी, खेलपुर, मोहितपुर, रुहालकी, इब्राहिमपुर, थईरमजरा, सिकंदरपुर, दरियापुर आदि गांवों के प्राइमरी स्कूलों में निःशुल्क पुस्तकें बांटी। बताया कि ब्लॉक के प्राइमरी स्कूलों की किताबें गोदाम में पहुंच गई हैं। ब्लॉक के सभी प्राइमरी स्कूलों में पुस्तकें बांटी जाएंगी। प्रतिदिन स्कूलों के शिक्षकों को बुलाकर पुस्तकें सौंपी जा रही हैं।

### शिविर में 238 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा सोमवार को छोटा रामपुर में कृष्णा मेडिकल सेंटर के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 238 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान सरफराज जाफरी, राशिद अहमद, सुरेंद्र सिंह, मेहरबान, मेहमूद खांन साबिर खांन आदि मौजूद रहे।

# ये है सफल लोगों के जीवन की 9 शानदार आदतें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 मई , एक इंसान के भविष्य को अगर आपको जानना है तो आपको यह देखना होगा कि वह इंसान आज क्या कर रहा है और वह इंसान किस प्रकार की आदतों को अपने जीवन में अपना रहा है। अगर एक इंसान अपने जीवन में गलत आदतों को अपने अंदर विकसित करता है तो वह जीवन में कभी भी सफलता को प्राप्त नहीं कर सकता है, वहीं दूसरी तरफ अगर एक इंसान अपने जीवन में अच्छी आदतों को अपनाता है तो उसको एक ना एक दिन सफलता जरूर मिलती है।अगर आप भी सफलता को प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको अपने अंदर कुछ अच्छी आदतें विकसित करनी होगी। क्योंकि सफलता पूरी तरह से आपके किए गए कार्यों और आपकी आदतों के ऊपर ही निर्भर करती है। सफल लोगों से अगर उनकी सफलता का राज जानने की कोशिश करते हैं तो आपको पता चलता है कि उन्होंने अपने जीवन में अपने अंदर गलत आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों का विकास किया और उन्हीं अच्छी आदतों की वजह से उनको जीवन में बड़ी बड़ी सफलता मिली।

आदतें एक दिन में नहीं बनती है लेकिन एक दिन जरूर बनती है और इन सभी आदतों को अपने जीवन में अपनाने के लिए आपको छोटे छोटे कदम उठाने होंगे और हर रोज इन सभी आदतों के ऊपर कार्य करना होगा। क्योंकि जब आप अपने अंदर अच्छी आदतों को अपना लेते हैं तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। इसलिए अगर आप भी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो अच्छी आदतों को जरूरत अपनाएं। अगर आप भी सफलता को प्राप्त करना चाहते हैं तो इन सभी आदतों को ध्यान से पढ़ कर अपनाने की कोशिश कीजिये

**लक्ष्य निर्धारित करें**

अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान देंसफल लोगों की तरह सोचेअपनी सेहत को अच्छा रखेंसीखने के लिए, तैयार रहें ईमानदारी के साथ जीवन में आगे बढ़ेसकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेहर दिन सुबह जल्दी उठेहर दिन कसरत जरूर करें




# बच्चों की हिफाज़त करता है पिज़्ज़ा वाला मंदिर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 9 मई , भारत में इतने मंदिर हैं कि अगर हर एक इंसान एक-एक मंदिर में दर्शन करना चाहे तो उसकी जिंदगी भी कम पड़ सकती है। यहां आपको छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा मंदिर देखने को मिल जाएगा, जो अपनी खासियत और अपने अनोखेपन के लिए जाना जाता है। ऐसे में आज हम आपके लिए एक ऐसा मंदिर लेकर आए हैं, जो अपने अनोखेपन के लिए जाना जाता है। इस मंदिर में प्रसाद के रूप में लाचीदाना-गरी या लड्डू-पेड़ा नहीं मिलता बल्कि यहां ऐसा चीज मिलता है, जिसके आप सब हमेशा पागल रहते हैं।

**मां जीवंतिका बच्चों की रक्षा करती हैं :** Pदरअसल, इस मंदिर में प्रसाद के रूप में भक्तों को पिज्जा और चॉकलेट बांटा जाता है। इतना ही नहीं, मंदिर में भगवान को भोग भी इसी का लगाया जाता है। यह मंदिर मां जीवंतिका को समर्पित है, जो गुजरात के राजकोट में स्थित है। 46 साल पहले स्थापित किए गए इस मंदिर में भक्तों को यह अनोखा प्रसाद दिया जाता है। यही कारण है कि इस मंदिर में शाम के समय जब आरती की जाती है तो यहां भक्तों की भीड़ देखने लायक होती है। पिज्जा और चॉकलेट के अलावा भक्तों को कभी-कभी पानीपूरी और कोल्ड्रिंक भी दी जाती है। यह मंदिर अपने इसी अनोखेपन के कारण सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में रहता है।

दरअसल, मां जीवंतिका बच्चों की रक्षा करती हैं, ऐसे में लोग माता का व्रत भी रखते हैं ताकि उनके बच्चों की रक्षा माता करें। ऐसे में बच्चों के लिए इस मंदिर में इस तरह का अनोखा प्रसाद बांटा जाता है। यह मंदिर बच्चों को खासा पसंद है, यही कारण है यहां बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी मंदिर में माता का आशीर्वाद लेने के लिए आते हैं।



यह मंदिर न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी चर्चा में बना रहता है। इसीलिए विदेशियों द्वारा भी मंदिर में समय-समय पर पार्सल के जरिए प्रसाद भिजवाया जाता है। मंदिर की वेबसाइट पर संबंधित पूरी जानकारी भी दी गई है।

# तमंचे पर डिस्को करने वाले युवक को हरिद्वार पुलिस ने सिखाया सबक ?




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार 9 मई : अवैध हथियारों के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दबंगई दिखाने वालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए हरिद्वार पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में ग्राम खेड़ी खुर्द में शादी समारोह में एक व्यक्ति द्वारा तमंचा लहराने व तमंचे पर डिस्को कर आम जनता में भय व्याप्त कर दबंगई दिखाने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्त मनीष को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तमनीष पुत्र बिन्दर निवासी-ग्राम खेडी खुर्द लक्सर जिला हरिद्वारबरामदगी01 अवैध तमंचा व कारतूस-पुलिस टीम -1- व0उ0नि0 अंकुर शर्मा2- कानि0 मन्दीप नेगी3- कानि0 प्रभाकर थपलियाल

# देवभूमि में गंदगी फैलाकर न करें अपमान - श्वेता चौबे , एसएसपी पौड़ी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ **मिशन मर्यादा के तहत पौड़ी पुलिस ने हुड़दंग कर रहे 7 युवकों के विरुद्ध की कड़ी कार्यवाही**

पौड़ी , 9 मई , पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड अशोक कुमार के आदेशों के क्रम में चारधाम यात्रा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों के तीर्थस्थलों पर मर्यादा तथा पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता बनाये रखने हेतु मिशन मर्यादा अभियान के अंतर्गत तीर्थस्थलों एवं गंगा किनारे मादक पदार्थों का सेवन करके हुड़दंग, अमर्यादित आचरण करने वालों व नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में कार्यवाही करते हुए जनपद की थाना लक्ष्मणझूला पुलिस द्वारा गंगा घाटों पर मिशन मर्यादा का उल्लंघन करने पर 07 व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गयी। जनपद में उक्त अभियान के तहत कार्यवाही जारी रहेगी।



# चारधाम यात्रा मार्ग पर समस्त निकायों की विभागीय मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने ली बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। शहरी विकास निदेशालय के मीटिंग रूम में आज चारधाम यात्रा रूट पर आने वाली सभी नगर निकाय के अधिकारियों के साथ विभागीय मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने बैठक की गई। मननीय मंत्री ने बैठक में मूलभूत समस्याओं जैसे चारधाम में आने वाले यात्रियों के लिए ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग उपलब्ध कराने, शौचालयों की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स, निराश्रित पशुओं के लिए जमीन तलाशकर डीपीआर तैयार करने, श्रद्धालुओं के लिए हैल्पलाइन जारी करने आदि के निर्देश दिए। साथ ही पहाड़ में शहरी विकास निदेशालय द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स को पहाड़ी शैली में बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड की संस्कृति का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। डॉ अग्रवाल ने सर्वप्रथम सभी निकायों से सफाई कर्मियों, स्वच्छ्ता, दवा छिडक़ाव, पार्किंग, रेन बसेरों, स्ट्रीट लाइट्स, निराश्रित पशुओं, क्यूआरटी टीम की स्थिति जानी। कहा कि इस वर्ष यात्रा के बहुत अच्छे संचालन होने की उम्मीद है। सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर चैलेंज स्वीकार करें। इस मौके पर डॉ अग्रवाल ने तमाम जानकारी मिलने के बाद निम्न निर्देश अधिकारियों को दिए।



मननीय मंत्री ने निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर पडऩे वाले सभी निकाय आवश्यकतानुसार शौचालयों की संख्या बढ़ाये, साथ ही नियमित इनकी सफाई के लिए कर्मचारी नियुक्त हो। सभी निकायों में प्रतिदिन तीन चरणों मे सफाई की व्यवस्था करें। साथ ही बरसात आदि को देखते हुए कीटनाशक दवाओं का छिडक़ाव प्रतिदिन किया जाए। कीटनाशक दवाओं की मात्रा जिम्मेदार के समक्ष तय की जाए। प्रत्येक निकाय अपने यहां स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था करें। कोई भी यात्री अंधकार में न रहे, इसको देखते हुए सोलर लाइट्स का इंतजाम अतिशीघ्र किया जाए। यात्रा मार्ग पर पेयजल व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए जल संस्थान के साथ समन्वय बनाये। सभी निकाय वाहन पार्किंग के लिए समीपवर्ती होटल, होम स्टे, आश्रम, महा विद्यालय, स्कूल परिसर का उपयोग करें। इसके लिए उनके साथ समन्वय बनाये। उन्होंने कहा कि इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी न हो, ऐसा होने पर शिकायत नंबर फ़्लैश करें। चारधाम यात्रा के लिए सभी निकाय अपना हेल्पलाइन नंबर जारी करें, जिसमें अधिकारी अपना मोबाइल नंबर दे। साथ ही 24 घण्टे मोबाइल ऑन रहे। इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। प्लास्टिक को पूरी तरह से बंद करे। मंत्री जी ने अपनी मीटिंग में भी प्लास्टिक की पानी की बोतल को हटाने को कहा। कहा कि इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। बैठक के दौरान गंगोत्री में गंगा किनारे प्लास्टिक रोकने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। पहाड़ में शहरी विकास निदेशालय द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स को पहाड़ी शैली में बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निराश्रित पशुओं के लिए भूमि तलाश कर डीपीआर भेजने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान विभागीय मंत्री डॉ अग्रवाल ने जोशीमठ नगर निकाय, बद्रीनाथ, केदारनाथ, कीर्तिनगर नगर निकाय के कार्यों की सराहना की। बैठक में विभागीय सचिव दीपेंद्र चौधरी, निदेशक नवनीत पांडेय, अपर निदेशक अशोक पांडेय, अधीक्षण अभियंता रवि पांडेय, नगर आयुक्त हरिद्वार दयानंद सरस्वती, नगर आयुक्त ऋषिकेश राहुल गोयल, अधिशासी अधिकारी मुनिकीरेती तनवीर सिंह, तपोवन अनिल पंत, नरेंद्र नगर प्रीतम नेगी, सहायक नगर आयुक्त ऋषिकेश रमेश रावत सहित यात्रा मार्ग के निकायों के अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

## आने वाले निकाय व लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचण्ड विजय दिलाएंगे : राजीव शर्मा

हरिद्वार। शिवालिक नगर पालिका के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी मिलकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। आने वाले निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचण्ड विजय दिलाएंगे। यह बात स्वागत कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कही। सोमवार को टिहरी विस्थापित कॉलोनी में शिवालिकनगर नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त भाजपा शिवालिक नगर ओबीसी मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी और ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन सैनी ने कहा कि पार्टी और पदाधिकारियों की पहचान कार्यकताओं से होती है, इसलिए आप सभी अपनी कार्यशैली से समाज के हर व्यक्ति को सम्मान दें।

ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष राजेश बालियान, पंकज पटेल, कुलदीप कुमार महामंत्री संदीप सैनी, मंत्री सीमा चौधरी, चंद्रशेखर कश्यप, विशाल सैनी, कोषाध्यक्ष शेखर गहलोत, सोशल मीडिया प्रभारी सोनू सैनी, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र चौधरी, कविता कुशवाहा, तरुण डबास, अंकित भाटी, अभिषेक यादव, इंद्रपाल सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन भाजपा मंडल महामंत्री रविकांत ने किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष अवनीश मिश्रा, रितु ठाकुर, सभासद अरुणा देवी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना तोमर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशुल शर्मा, दीपक नौटियाल, वेदान्त चौहान, प्रमोद डोभाल, मधु शर्मा, हन्नी सिंह, सुधांशु राय, रितेश गौड़, महावीर चौधरी, अनुज त्यागी, आशु बाजवान, शुभलक्ष्मी बेरा, प्रदीप सैनी आदि शामिल रहे।

## संपादकीय

### ‘दंगल’ बनेगा सियासी!

बीते 16 दिनों से, राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर, जो ‘दंगल’ लड़ा जा रहा है, अब उसका स्वरूप और विस्तार बदलता जा रहा है। अब भी हमारे पदकवीर पहलवान यौन-शोषण, उत्पीडऩ और भद्दी गालियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक के मकसद और मंसूबों पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे भारत का सम्मान हैं, धरोहर हैं, आन-बान-शान हैं। देश भी चाहता है कि उन्हें यथाशीघ्र इंसाफ मिले और कुश्ती के भीतर जो शैतान मौजूद हैं, उन्हें सजा दी जाए और खेल संघों को खिलाडियों तक ही सीमित रखा जाए। खेल में बाहुबलियों, हैवानों और हवस के प्रतिनिधियों का क्या काम है? उनकी क्या भूमिका हो सकती है? संविधान और लोकतंत्र खेल की आड़ में यौन-हिंसा की जरा-सी भी अनुमति नहीं देते। यदि यह मामला खिंचता जा रहा है और एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेता जा रहा है, तो यह हमारी व्यवस्था का ही दोष है। किसान संगठन, खाप पंचायतों के चौधरी, अखिल भारतीय स्तर के चार महिला संगठन, पंजाब से भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) की महिलाएं, कर्मचारी और छात्र संगठन, अभिनेता और कई वर्गों के अनाम चेहरे जंतर-मंतर पर पहुंच चुके हैं। सभी आंदोलित हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और शिक्षा मंत्री आतिशी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और नवजोत सिंह सिद्धू, किसान नेता राकेश टिकैत, अभिनेता-राजनेता राज बब्बर आदि ने भी पहुंच कर पहलवानों के मकसद और संघर्ष को समर्थन दिया है। इस भीड़ में ऐसे भी चेहरे आ घुसे, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ‘सियासी नफरत’ को हवा देने की कोशिश की। यहीं आंदोलन के सियासी होने की आशंका होती है। बेशक पहलवानों के धरना-प्रदर्शन को व्यापकता मिली है, लेकिन हररोज खाप के 11 सदस्य पहलवानों के साथ मौजूद रहेंगे। सरकार और पुलिस को 20 मई तक का अल्टीमेटम दिया गया है। फिर उसके बाद हरियाणा के महम चौबीसी में महापंचायत होगी और खाप यह निर्णय लेंगी कि आंदोलन को राष्ट्रव्यापी रूप कैसे दिया जाए! आखिर इस लड़ाई में खाप जैसों की जरूरत क्या है? यह खेल से जुड़ा आंदोलन है, कोई राजनीतिक, सामाजिक या वैचारिक आंदोलन नहीं है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# राजकीय पॉलीटेक्निक, देहरादून में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

देहरादून। माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार एवं माननीय मंत्री तकनीकी शिक्षा के दिशा निर्देशानुसार पॉलीटेक्निक संस्थाओं के सभी छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कुमांऊ मण्डल की समस्त पॉलीटेक्निक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के लिए 25 अप्रैल 2023 को राजकीय पॉलीटेक्निक, काशीपुर में एवं गढवाल मण्डल की समस्त पॉलीटेक्निक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के लिए आज रोजगार मेले का आयोजन राजकीय पॉलीटेक्निक, देहरादून में किया गया। इसकी गम्भीरता को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अपने अधिकारिक ट्यूटर हैन्डल पर रोजगार मेले को प्रसारित किया गया ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया जा सके। छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज के नवनिर्माण में अपना योगदान प्रदान करने के उद्देश्य से प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के गढवाल मण्डल के अन्तगत संचालित कुल 39 राजकीय व सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के रोजगार हेतु रोजगार मेले का आयोजन राजकीय पॉलीटेक्क्निक देहरादून में आज 08 मई 2023 को किया गया है।

रोजगार मेले का उद्घाटन माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री उत्तराखण्ड सरकार श्री सुबोध उनियाल ने किया। इस अवसर पर माननीय विनोद चमोली, विधायक धर्मपुर विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मेले में आर0पी0 गुप्ता, निदेशक, तकनीकी शिक्षा उत्तराखण्ड उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रेरित किया कि वह रोजगार देने वाले बनें, जिससे कि वह अपने साथ-साथ अन्य छात्रों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकें। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए स्टार्टअप आदि योजनाओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।



माननीय मंत्री कहा कि वर्तमान में 40 प्रतिशत छात्रों को रोजगार मिल चुका है तथा विभाग सभी छात्रों को रोजगार देने के लिए प्रयासरत् है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि लगभग 7000 रिक्तियां विभिन्न कम्पनीयों में उपलब्ध है, जबकि 1875 छात्र-छात्राओं के द्वारा ही रोजगार हेतु पंजीकरण कराया गया है जिससे यह परिलक्षित होता है कि उत्तराखण्ड राज्य में रोजगार की असीमित सम्भावनायें हैं। माननीय मंत्री जी ने छात्रों से आवाह्न किया कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु दृढ संकल्प रहें, ताकि वह अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। इस शुभ अवसर पर माननीय श्री विनोद चमोली जी विधायक धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र ने अवगत कराया कि रोजगार प्राप्ति की धीमी गति को देखते हुए इस प्रकार के प्रयास सराहनीय है जो छात्र-छात्राओं को रोजगार देने में सार्थक होंगें। निदेशक, प्राविधिक शिक्षा आर0पी0 गुप्ता ने अपने सम्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि इस रोजगार मेले में 65 कम्पनियों के द्वारा आज प्रतिभाग किया जा रहा है तथा 1875 छात्र-छात्राओं के द्वारा रोजगार हेतु पंजीकरण कराया गया है। रोजगार मेले में 39 राजकीय तथा 13 निजी पॉलीटेक्निक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। गुप्ता ने अवगत कराया कि ऑनलाईन प्लेसमेन्ट सेल की स्थापना की जा चुकी है जिसका निर्माण कराया जा रहा है। जिसके माध्यम से 401 छात्र-छात्राओं को, दिनांक 25 अप्रैल 2023 को कुमांऊ मण्डल की पॉलीटेक्निक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं हेतु आयोजित रोजगार मेला जो राजकीय पॉलीटेक्निक, काशीपुर में सम्पन्न हुआ के माध्यम से 513 एवं विभिन्न संस्थाओ के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से 534 कुल 1448 छात्र-छात्राओं को रोजगार मिल चुका है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा रोजगार सृजन पर महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। जिसके अन्तगत राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में ई-लर्निंग सेन्टर, डिजिटल प्लेटफार्म, वर्चुअल लैब, डिजिटल लाईब्रेरी, ई-स्टूडियो, लैग्वेज लैब आदि के माध्यम से छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा रही है। मेले में जे0के0 टायर, विप्रो, ल्यूमैक्स, यूकोहामा, ए0एन0आर0 सॉफ्टवेयर, जे0सी0बी0, क्यू0एच0 टॉलब्रॉज, रिलाइन्स, बी0एल0 एग्रो इन्डस्ट्रीज लि0, अशोका लीलैण्ड सहित 65 कम्पनियां रोजगार प्रदान करने हेतु सम्मिलित हुयी।

# लोक संस्कृति एवं लोकपरम्पराओं को बढावा देते हैं मेले और कौथिग : सीएम पुष्कर सिंह धामी

## क्षेत्र के विकास के लिये मुख्यमंत्री ने की अनेक घोषणायें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



9 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐतिहासिक सोमनाथ मेला मासी-2023 में प्रतिभाग करते हुए सोमनाथ मेले को 05 लाख रूपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति एवं सभ्यता महान है इसमें निरंतरता है। सदियों से इस महान संस्कृति की महानता के विषय में आम लोगों को जागरूक करने का काम मेले और कौथिग करते रहे हैं। सोमनाथ का यह ऐतिहासिक मेला भी इसी का उदाहरण है। कत्यूरकाल से देवाधिदेव शिव को प्रत्येक गांव से नई फसल भेंट करने की चली आ रही अनूठी परंपरा इस मेले को विशिष्ट बनाती है। हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये मेले अहम भूमिका निभाते हैं। मेले हमारे समाज को जोड़ने तथा हमारी प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं के बारे में नई पीढ़ी को जागरूक करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

**मुख्यमंत्री ने की ऐतिहासिक सोमनाथ मेले के लिये 05 लाख रू0 की घोषणा**

मुख्यमंत्री ने द्वार इह इट विधानसभा के मासी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण, चौखुटिया स्थित प्रेमपुरी से छित्याड़ी-कोरनी तक मोटर मार्ग का नव निर्माण, चौखुटिया विकासखण्ड के ढौनारीठा चौरा मोटर मार्ग का सुधारीकरण, चौखुटिया से खीड़ा-खाडाखडक-झुमाखेत तक मोटर मार्ग बनाये जाने तथा खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत कराये जाने की घोषणा की, मुख्यमंत्री ने गगास भण्डार गांव सिचाई योजना बनाये जाने तथा भूमिया मंदिर, माहासीर संरक्षण को गति दिये जाने की बात कही।

इस अवसर पर बाला गोरिया पुस्तक का भी मुख्यमंत्री ने विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज हमारा देश पुनः ''विश्व गुरु'' के पद पर आरूढ़ होने की ओर अग्रसर है। आज देश में एक सशक्त नेतृत्व वाली सरकार है जिसके साथ दुनिया का हर देश खड़ा होने को आतुर है।





एक ओर जहां आज हम जी-20 जैसे शक्तिशाली समूह की अध्यक्षता कर रहे हैं वहीं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता के लिए अनेक देश भारत का समर्थन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 की तीन बैठकों का आयोजन उत्तराखण्ड जैसे छोटे प्रदेश को मिलना सौभाग्य की बात है। इसकी एक बैठक रामनगर में सम्पन्न हो चुकी है वहीं दो बैठकें और होनी है जिससे हमारा प्रदेश अन्तराष्ट्रीय पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा जिससे यहॉ की संस्कृति, लोककला एवं खान-पान का प्रसार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने, प्रदेश की महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने, समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने, जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून बनाने, नई शिक्षा नीति को लागू करने, नई खेल बनाने, सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने, राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने या फिर लैंड जिहाद के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही करने के लिये हमने राज्य हित से जुडे.कार्यों को मूर्तरूप देने का कार्य किया है। हमारे लिए प्रदेश और प्रदेश के हित सर्वोपरि हैं जब तक हमारी सरकार है हम किसी भी वर्ग का अहित नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणीय राज्य बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में दशकों से गरीबी हटाओं के नारे तो खूब दिए गए लेकिन गरीबी हटाने का असल काम किसी ने किया तो वो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ही किया। उन्होंने कहा कि गरीबी के दर्द को प्रधानमंत्री जी ने समझा, यही कारण है कि उनके नेतृत्व में आज देश में गरीबों के लिए वो कार्य हो रहे हैं जो पिछले 70 वर्षों में नहीं हुए। आज सनातन संस्कृति का जयघोष चारों दिशाओं में सुनाई दे रहा है। पूरे विश्व में सनातन का परचम लहरा रहा है। आज हमारे मंदिरों और तीर्थ स्थानों को महत्व दिया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत का पुनः सांस्कृतिक उत्थान हो रहा है। आज चाहे, राम मंदिर का निर्माण हो, बद्रीनाथ व केदारनाथ धामों का पुनर्निर्माण हो, बाबा विश्वनाथ के गलियारे को बृहद रूप देना हो या राजाधिराज महाकाल के महालोक का निर्माण हो, हमारी धार्मिक-धरोहरों को संरक्षित व संवर्धित किया जा रहा है।

## टिहरी बांध प्रभावित ग्रामीणों ने की विस्थापन की मांग

नई टिहरी। टिहरी बांध प्रभावित ग्रामीणों ने विस्थापन की मांग को लेकर डीएम दफ्तर के बाहर सांकेतिक धरना दिया। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर उनकी समस्या का निराकरण करने की मांग की है। सोमवार को टिहरी बांध प्रभावित भटकंडा उठड़ और सिल्ला उप्पू के ग्रामीणों ने विस्थापन साथ परिसम्पतियों के भुगतान की मांग को लेकर बांध प्रभावित संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोहन सिंह राणा के नेतृत्व में डीएम दफ्तर के बाहर सांकेतिक धरना दिया। बांध प्रभावित संघर्ष समिति अध्यक्ष ने कहा ग्रामीण लंबे समय विस्थापन की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन टीएचडीसी और पुनर्वास विभाग ग्रामीणों को गुमराह करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं होता है, ग्रामीणों को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। भटकंडा के पूर्व ग्राम प्रधान प्रदीप भट्ट ने कहा कि बीते जनवरी माह में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने टीएचडीसी और पुनर्वास अधिकारियों के साथ बैठक जल्द प्रभावित ग्रामीणों के विस्थापन की प्रक्रिया पूरी करने के अधिकारियों को निर्देश दिये थे, लेकिन तीन माह बीते जाने के बाद भी ग्रामीणों को भुगतान नहीं हो पाया है। कहा ग्रामीणों की ओर लगातार टीएचडीसी और पुनर्वास विभाग को इस संबंध में लिखित और मौखिक रुप से अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन प्रभावित की मांगों पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। धरने पर बैठने वालों में संजय भट्ट, चिंतामणी भट्ट, जबर सिंह रावत, मोहन लाल, रमेश चंद्र भट्ट, विजय राम आदि मौजूद थे।

## देवप्रयाग के महड़ गांव में महिला सीएलजी टीम का गठन

नई टिहरी। गांधी ग्राम महड़ में देवप्रयाग थाना पुलिस की ओर से महिला सीएलजी टीम का गठन किया गया, पुलिस की ओर से गठित महिला टीम को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर जानकारी दी गई। देवप्रयाग थाने में तैनात एसआई शाहिदा परवीन ने गठित टीम को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी देते हुये उन्हें साइबर क्राइम से बचने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पुलिस के गौरा शक्ति ऐप में ग्रामीण महिलाओं का पंजीकरण करवाया गया, जिससे पुलिस को समय-समय पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की जानकारी मिलती रहे। पुलिस की ओर से मानसिक रोगियों के कल्याण के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, विजेश्वरी, सोनी देवी, मोनिका , सोना देवी, ग्राम प्रधान होशियार सिंह,सुभाष बहुखंडी आदि उपस्थित थे।

## कैंपर दुर्घटना में महिला की मौके पर मौत, 6 घायल

नई टिहरी। बीती देर शाम को थत्यूड़ थाने के तहत अगयारना के काड्ई जाख मोटर मार्ग पर एक बोलेरा कैंपर वाहन सडक़ पर पलटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हुई है। जबकि 6 लोग घायल हुये हैं। पुलिस की मीडीया सेल ने दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से निकाले गये घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी थत्यूड़ इलाज के लिए भेजा गया। स्थानीय लोगों की मदद से बोलेरो कैंपर को रास्ते से हटाकर यातायात सुचारू किया गया।

## लंबगांव में अतिक्रमण चिह्नित करने पर भडक़े लोग

नई टिहरी। तहसील प्रशासन की ओर से लंबगांव बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण चिह्नित किए जाने का स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने विरोध किया है। व्यापारियों ने अतिक्रमण की जद में आए उनके भवनों व दुकानों के नियमितिकरण की मांग करते हुए इस बावत एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि पूर्व में मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया है। लेकिन अब उनके भवनों और प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर तोडऩे की कार्रवाई की जा रही है। नगर पंचायत लंबगांव में अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसील प्रशासन की ओर से लोगों को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें लोगों से आगामी 15 मई तक अतिक्रमण हटाने की बात कही गई है। तहसील प्रशासन की ओर से अतिक्रमण लेकर नोटिस जारी होने के बाद से ही स्थानीय लोगों व व्यापारियों में शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष बना है। स्थानीय लोगों व व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक की लंबगांव बचाव संघर्ष समिति का गठन किया। बैठक में पूर्व जिपंस देवी सिंह पंवार ने कहा कि 40 के दशक में स्थापित लंबगांव बाजार प्रतापनगर के मुख्य बाजारों में से है। आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर इसका विकास भी बढ़ता गया। जिसके बाद भवन स्वामियों की मांग पर वर्ष 2016 में तत्काल मुख्यमंत्री ने नियमितिकरण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि सरकार से मामले में निर्णय जनता के पक्ष में लेना चाहिए। बैठक में लोगों ने जबरन उनके भवनों को तोडऩे की कार्रवाई किए जाने पर आगामी 12 मई से लंबगांव मुख्य बाजार में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

देवी सिंह को बनाया समिति अध्यक्ष

लंबगांव बचाव संघर्ष समिति में देवी सिंह पंवार अध्यक्ष, रमेश रावत उपाध्यक्ष, त्रिलोक सिंह बिष्ट महासचिव, सौरभ रावत सह सचिव, चंद्रभान कोषाध्यक्ष, केशव रावत मीडिया प्रभारी व रोशनलाल सेमवाल, मुरारीलाल खंडवाल व सुमेर चंद को संरक्षक बनाया गया।